Circular – SJS/16/24-25

कक्षा – दूसरी से चौथी

विषय – दोहा गायन प्रतियोगिता

दोहा गायन प्रतियोगिता

दिनांक – मई 13, 2024

आदरणीय अभिभावकगण

सस्नेह अभिवादन

आशा है कि आप सभी सकुशल और स्वस्थ होंगे | हम सभी जानते हैं कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में नैतिक मूल्य एक महत्त्वपूर्ण कड़ी का काम करते हैं | नन्हे स्कॉलर्स के सुदृढ़ चरित्र निर्माण एवं उन्हें नैतिक मूल्यों व सामाजिक चेतना के प्रति जागरूक करने की दिशा में कक्षा - **दूसरी से चौथी** के विद्यार्थियों के लिए **गुरुवार 16 मई, 2024** को **'दोहा गायन प्रतियोगिता'** का आयोजन किया जा रहा है | इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में श्रवण –कौशल कला , आत्मविश्वास , लयात्मक दोहा गायन एवं अपनी मातृभाषा के प्रति सम्मान की भावना का विकास होगा |

अत: आपसे निवेदन है कि सभी विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करें | इस प्रतियोगिता के लिए आप छात्रों को कबीर और रहीम के दोहे कंठस्थ करवाएँ |

विद्यार्थियों के मूल्यांकन का मानदंड इस प्रकार है :-
(क) प्रस्तुतीकरण
(ख) भाषाशैली
(ग) हाव-भाव
(घ) लयात्मक गायन
(ड) आत्मविश्वास के अनुसार किया जाएगा |

आपके पूर्ण सहयोग व विद्यार्थियों की पूर्ण प्रतिभागिता की अपेक्षा करते हुए ....

सहर्ष धन्यवाद |



(प्रधानाचार्या)